हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, रविवार 7 जनवरी 2024
[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]

since 1993



# अब कोटा क्यों जाए

## कोटा अब आपके शहर भिलाई में

कोटा की शिक्षण प्रणाली के साथ

- 30 Years Legacy
- Expert Faculty
- Digital Support
- Small Batch Size
- One To One Mentoring
- Quality Study Material
- Regular Test Series
- Affordable Fees

**25700+** Doctors | **21700+** IITians | **160900+** Engineers
with Trust of More Than **4.50 Lakh** Students..

## ADMISSIONS OPEN
For Session 2024-25

# CAREER POINT
BHILAI CENTRE

**For Details Call:** 90399-57770, 90399-57771 | **Mail:** bhilai@cpuniverse.in

**Add:** 4th floor, Seven Hills Complex, Krishna Talkies Road, Risali, Bhilai-490006

CP Tower, IPIA, Road No.1, Kota I 080-40246443 I www.careerpoint.ac.in

Deepak Advertisers

## खबर संक्षेप



### नव पदस्थ कलेक्टर कुणाल दुदावत ने किया पदभार ग्रहण

**कोण्डागांव।** कोण्डागांव के नव पदस्थ कलेक्टर कुणाल दुदावत ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण किया। भारतीय प्रशासनिक सेवा 2017 बैच के अधिकारी कुणाल दुदावत इससे पूर्व बिलासपुर में नगर निगम आयुक्त के पद पर पदस्थ थे। कोण्डागांव जिले के निवर्तमान कलेक्टर दीपक सोनी ने कलेक्टर कुणाल दुदावत को कार्यभार सौंप कर उन्हें नवीन दायित्व के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम प्रकाश शर्मा, संयुक्त कलेक्टर मनोज केसरिया सहित सभी विभागों के अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने किया जिला कार्यालय का औचक निरीक्षण



**कोण्डागांव।** जिले के नवपदस्थ कलेक्टर कुणाल दुदावत ने जिला कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कलेक्टर न्यायालय, नाजिर शाखा, सामान्य शाखा, शिकायत शाखा, खाद्य शाखा, जिला कोषालय, अभिलेखागार, जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय, जिला खनिज निधि न्यास, जिला अंत्यावसायी वित्त विकास निगम, जनसंपर्क कार्यालय, आबकारी कार्यालय, खनिज कार्यालय, ई जिला प्रबंधक कार्यालय, रेशम विभाग, आदिवासी विकास विभाग, निर्वाचन विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, श्रम विभाग द्वारा संचालित कार्यालयों का निरीक्षण किया और विभाग द्वारा संचालित गतिविधियां तथा कार्यालयों में पदस्थ अधिकारी–कर्मचारियों के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने आमजनों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए सभी अधिकारी–कर्मचारियों को तत्परता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

### 22 को राष्ट्रीय अवकाश घोषित करने की मांग

**धमतरी।** 550 वर्ष की प्रतीक्षा के बाद प्रभु श्रीराम अपने भव्य मंदिर में विराजमान होने जा रहे हैं। श्रीराम जन्मभूमि आयोध्या से लेकर देश के हर शहर-हर गांव तक उत्सव की तैयारी तेज गति से चल रही है। इस दिन को दिव्यता व भव्यता प्रदान करने के लिए सर्व गुजरती समाज छत्तीसगढ़ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर 22 जनवरी को अवकाश घोषित करने की मांग की है। प्रीतेश गांधी प्रदेश अध्यक्ष सर्व गुजराती समाज छत्तीसगढ़ ने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में प्रभु श्रीराम के आगमन को लेकर पूरा देशवासी उत्साहित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान को देशवासी अक्षरशः अमल कर रहे हैं। 22 जनवरी को भव्य और दिव्य बनाने एवं हर देशवासी इस स्वर्णिम पल का साक्षी बन सके। इसके लिए 22 जनवरी को राष्ट्रीय अवकाश घोषित करने की मांग की है। प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा जनभावना से दिव्य और भव्य बनेगी।

### विधायक को बताई कुकरेल क्षेत्र की समस्याएं

धमतरी। सिहावा विधायक अंबिका मरकाम से उनके निवास में मुलाकात कर नीरज साहू व उनके साथियों ने कुकरेल क्षेत्र की बड़ी समस्याओं से अवगत कराया। विधायक से क्षेत्र में पुल पुलिया, सड़क व कॉलेज की मांग की गई। इस दौरान नरसिंग साहू, बनबगौद सरपंच मिनेश ध्रुव, ईश्वर साहू व खिलेन्द्र विश्वकर्मा मौजूद रहे।

### चयनित अभ्यर्थी 8 तक उपस्थित होंगे

**धमतरी।** नगरी विकासखण्ड के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पथर्रीडीह में अस्थायी रूप से मानदेय पर अतिथि शिक्षकों की भर्ती के लिये गत दिनों वॉक इन इंटरव्यू का आयोजन किया गया था। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि वॉक इन इंटरव्यू में चयनित अभ्यर्थियों की सूची वेबसाईट पर अपलोड की गई है।

# मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



कोंडागांव में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 6 जनवरी से किया जाएगा। इसके संबंध में शुक्रवार को जिला कार्यालय के राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई।

### दावा-आपत्तियां 6 से 22 जनवरी तक

बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत ने बताया कि शनिवार 6 जनवरी को सभी मतदान केन्द्र, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय और सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण कार्यालयों में सुबह 10.30 बजे मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया जाएगा। मतदाता सूची में नाम शामिल करने, विलोपन करने और संशोधन संबंधी दावा–आपत्तियां 6 जनवरी से 22 जनवरी तक प्राप्त की जाएगी। वहीं शनिवार 13 जनवरी और रविवार 14 जनवरी को मतदान केन्द्रों में विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। प्राप्त दावा–आपत्तियों का निराकरण 2 फरवरी तक किया जाएगा और 6 फरवरी तक डाटाबेस अद्यतीकरण एवं पूरक मतदाता सूची का मुद्रण किया जाएगा। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 8 फरवरी को किया जाएगा।

# जिले को अग्रणी बनाने के लिए करें कार्य : कलेक्टर कुणाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



नवपदस्थ कलेक्टर कुणाल दुदावत ने जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। जिला कार्यालय के प्रथम तल स्थित सभाकक्ष में आयोजित बैठक में उन्होंने सभी अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने अधिकारियों से जिले में संचालित विकास कार्यों की जानकारी ली और कोंडागांव को अग्रणी जिला बनाने के लिए तन्मयता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान प्राप्त आवेदनों के निराकरण के संबंध में जानकारी लेते हुए महत्पूर्ण योजनाओं को आमजनों तक पहुंचाने के लिए विभागवार स्टॉल लगाने के निर्देश दिए।

### किसानों की सुविधाओं का रखें पूरा ख्याल

नगरीय क्षेत्रों में विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजन की तैयारी के लिए भी निर्देशित किया। कलेक्टर दुदावत ने धान खरीदी और उठाव के संबंध में जानकारी ली और कहा कि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने शासन के निर्णय अनुसार प्रति एकड़ 21 क्विंटल की धान खरीदी करने के संबंध में भी निर्देशित किया। उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत स्वीकृत कार्यों को त्वरित गति से पूर्ण कराने तथा राजस्व प्रकरणों का समय–सीमा के भीतर निराकृत करने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम प्रकाश शर्मा सहित अधिकारी उपस्थित रहे।

### ग्रामीणों को मिला शासकीय योजनाओं का लाभ

# विधायक लता शामिल हुईं बड़े कनेरा की विकसित भारत संकल्प यात्रा में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



कोंडागांव विकासखण्ड के बड़े कनेरा में विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची। जहां ग्रामीणों को विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ प्रदाय किया गया। स्थानीय विधायक लता उसेण्डी ने इस अवसर पर ग्रामीणों को विकसित भारत बनाने का संकल्प दिलाते हुए कहा कि शासन की किसी भी महत्वपूर्ण योजना से कोई भी ग्रामीण न छूटे, इसके लिए गांव–गांव में यह यात्र पहुंच रही है। इसके माध्यम से लोगों को शासकीय योजना का लाभ प्रदान करते हुए उन्हें विकसित भारत के निर्माण के लिए तैयार किया जा रहा है। उन्होंने ग्रामीणों को किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री मंत्री कृषि सम्मान निधि योजना के तहत त्वरित लाभ मिलने पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि यहां जो भी आवेदन प्राप्त हुए हैं, उनका त्वरित निराकरण किया जा रहा है।

### विकसित भारत सुंदर धरती

सुश्री उसेण्डी ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण के साथ ही इस सुंदर धरती को हरी भरी और उपजाऊ रखने का संदेश भी यहां दिया जा रहा है। किसानों को खर्च और समय बचाने के लिए ड्रोन जैसी तकनीकी का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश को विकसित बनाने में सभी लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए शासन की प्रत्येक योजना का लाभ पात्रता अनुसार प्रदान करने के लिए गांव–गांव पहुंचनें का कार्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर हो रहा है। इस अवसर का लाभ सभी को उठाना चाहिए।

### विजेताओं को मिला पुरस्कार

उन्होंने इस अवसर पर क्विज प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत करने के साथ ही ग्रामीणों को कैलेण्डर, शासकीय योजनाओं पर आधारित लीफलेट का वितरण भी किया। इस अवसर पर जिला पंचायत के सदस्य बालसिंह बघेल, जनपद पंचायत के सदस्य सुरेश देवांगन, सरपंच बसंती बघेल सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# सात दिवसीय विशेष शिविर का जिला संगठक कन्नौजे ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माकड़ी के कार्यक्रम अधिकारी चिराग जैन के तत्वाधान में 4 जनवरी से 10 जनवरी तक आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम तोरंडी में जिला संगठक शशिभूषण कन्नौजे ने शिविर के द्वितीय दिवस को समीक्षा बैठक के दौरान निरीक्षण किया एवं स्वयंसेवकों को शिविर एवं रासेयो से संबंधित तथा नशामुक्ति के लिए युवा थीम को लेकर विशेष महत्वपूर्ण जानकारी भी दिया और बताया कि राष्ट्र के निर्माण में रासेयो के स्वयं सेवकों का बहुत बड़ा योगदान होता है। इसी अवसर पर रासेयो के विशेष सलाहकार हनी चोपडा भी उपस्थित रहे।

### राज्य स्तरीय रासेयो पुरस्कार से सम्मानित स्वयं सेवक रहे उपस्थित

जिला संगठक के निरीक्षण के दौरान शासकीय गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोंडागांव के राज्य स्तरीय रासेयो पुरस्कार से सम्मानित स्वयंसेवक मुकेश पोयाम, अजीत सिन्हा, देवेंद्र सेठिया, सलीना नेताम, वरिष्ठ स्वयंसेवक जिगेश कोमरे, पूनम सिन्हा, पम्मी देहारी, रयतू एवं साथी स्वयंसेवक खिलेंद्र नेगी, परमेश्वर दास, पुनीत पोयाम आदि भी उपस्थित रहे। स्वयंसेवकों को सोशल मीडिया, समय प्रबंधन, शिविर के नियम जैसे बहुत सारी जानकारियां प्रदान किया, और वरिष्ठ स्वयंसेवकों ने ये भी बताया की राष्ट्रीय सेवा योजना में रहकर हम राज्यपाल पुरस्कार से भी सम्मानित हो सकते हैं।

# फीस बढ़ोतरी के विरोध में कुलपति का पुतला दहन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बस्तर के कार्यकर्ताओं ने शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय जगदलपुर में छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति एमके वर्मा का फीस बढ़ोतरी के विरोध में पुतला दहन किया। प्रदेश सहमंत्री बस्तर जिला संयोजक शैलेष धुरव ने बताया कि सीएसवीटी विश्वविद्यालय में परीक्षा शुल्क जो 800 रुपए थी, उसमें वृद्धि करते हुए 1376 रुपए किया गया है यह छात्रों के हित में नहीं है। विश्वविद्यालय में 50 प्रतिशत से अधिक विद्यार्थी मध्यम वर्गीय परिवार से आते हैं। ऐसे में परीक्षा फीस में 500 रुपए की बढ़ोतरी किसी प्रकार से न्याय संगत नहीं है। इसके अलावा छात्रों को परीक्षा शुल्क भरने में भी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। परीक्षा शुल्क भरने के लिए बहुत ही कम समय सीमा निर्धारित की गई है और इसके बाद लेट फीस के नाम से वसूली अलग से की जाती है। वही बहुत से होनहार विद्यार्थियों के एक ही विषय में शून्य अंक आए है और बाकी सभी विषयों में उन्होंने 90 प्रतिशत तक आए है, ऐसा पहली बार नही है। विवि प्रशासन को जल्द से जल्द इन सभी विषयों पर त्वरित कार्यवाही करना चाहिए एवं परीक्षा शुल्क जो बढ़ाया गया है, उसे कम किया जाना चाहिए। इस दौरान संजय मुखर्जी, ईश्वर, परिवेद, विवेक, अचिंत्य, सौरभ अन्य अभाविप के कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# जीत के बाद पहली बार मुलमुला पहुंची लता का भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कोंडागांव की विधायक लता उसेंडी का जीत के बाद मुलमुला में पहली बार पहुंचने पर जगह जगह आतिशबाजी के साथ भव्य स्वागत किया गया। साथ ही बाइक रैली के माध्यम से जुलूस के शक्ल में मुंडा टिकरा प्लाट पारा तक जगह जगह महिलाओं पुरुष, युवाओ ने फूलमाला से स्वागत किया। इस कार्यक्रम मे मुख्य रूप से दिपेश अरोरा जितेंद्र सुराना मनीष साहू मायाराम मरकाम, तिलक, तुलजू ,लालचंद ,बुधराम ,संतोष, भोले लालजी जयसीह सोढी धरमू सोढी संपत मरकाम कांतिलाल नंदलाल राठौर मनहर मरकाम लाजमि हलाल कौशिक आनंद, दिनेंद्र पटेल, भुनेश्वर कौशिक, मांगू मंडावी, योगेंद्र, खिरेंद्र कौशिक,जुगधर, कस्तूरी, भाकचंद ,बरातू पटेल, कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

# एनएसएस शिविर में पोषण आहार की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



शा उ मा वि शामपुर राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन से हुक्का बेडा पाथरी में संचालित है। शिविर के दूसरे दिन पोषण आहार शिविर आयोजित की गई। जिसमें महिला बाल विकास विभाग माकडी सुपरवाइजर बेला विश्वास द्वारा विभिन्न प्रकार के फल, सब्जी, चना, गुड, तिल, फली, पत्तेदार सब्जियां का प्रदर्शनी लगाकर पोषण आहार के संबंध में बताया गया। हम कुपोषण से बच सकते हैं। शरीर में खून की मात्र बढा सकते हैं और एनिमिक से बच सकते हैं। सभी शिविरार्थी से उनके सवालों के बारे में जान कर निवारण किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी सहदेव सिदार के द्वारा उद्बोधन में कहा कि कुपोषण हमारे लिए एक अभिशाप है। इस अभिशाप से मुक्ति पाने के लिए पोषण आहार युक्त भोजन करना चाहिए। शरीर में खून की मात्र पर्याप्त रूप में बन सके यदि हम शरीर में खून की मात्रा को बढाकर रखेंगे तो बहुत सारे बीमारी से हम बच सकते हैं। खून की मात्रा शरीर में अधिक होने पर कमजोरी नहीं आती है तथा हमारा शरीर हुष्ट पुष्ट बना रहता है। शिविर का लाभ सभी आंगनवाडी कार्यकर्ता, मितानिन एवं समस्त ग्राम वासियों ने लाभ उठाया और अपने परिवार घर में पोषण युक्त भोजन खाने के लिए संकल्प लिया।

# बाबा साहेब सेवा संस्था ने मनायी माता सावित्रीबाई फुले व जयपाल सिंह मुंडा की जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

मरार पारा कोंडागांव में पटेल माली समाज के चौरसी बरापिकोड़ी प्रांगण में बाबा साहेब सेवा संस्था ने जाकर भारत की प्रथम महिला शिक्षिका समाज सुधारक सावित्रीबाई फुले व सविधान सभा के सदस्य जयपाल सिंह मुंडा की जयंती मनायी। जिसमें पटेल समाज ने बढ चढकर हिस्सा लिया व समाज के पदाधिकारियों के द्वारा माता सावित्रीबाई फुले व जयपाल सिंह मुंडा की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर व माल्यार्पण कर उनके नेक कार्य को याद किया। जयपाल सिंह मुंडा व सावित्रीबाई फुले की जयकारा के साथ जन्म जयंती मनायी गयी।

इस कार्यक्रम में संस्था के संरक्षक प्रमोद भारती, पीपी गोंडाने अशोक कुमार कुंजाम ,अध्यक्ष मुकेश मारकंडेय, झिटकु मरकाम मंगउ देवांगन, ओमप्रकाश नाग, देवानंद चौरे, घंन कौशिक, भारत कौशिक, कन्हैया लाल पटेल समाज की पदाधिकारी एवं महिला पुरुष उपस्थित रहे।

## पेज 13 के शेष

### सिर पर कफन ...

की। साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को प्रदेश की 11 में 11 सीट को जीतने की बात कही। इस दौरान छग प्रभारी ओम माथुर ने अपने 16 मिनट के उद्बोधन में निवर्तमान कांग्रेस सरकार और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को जमकर आड़े हाथ लेते उनकी बघिया उधेड़ने में कोई कसर नही छोड़ा और मुख्यमंत्री समेत दोनों डिप्टी सीएम को मंच के समक्ष आमंत्रित कर बस्तर के कर्मठ कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करने को कहा। संचालन वन मंत्री केदार कश्यप ने किया। इस दौरान मंच में बस्तर संभाग के 7 जिला के जिलाध्यक्ष, कांकेर के सांसद मोहन मंडावी, पूर्व सांसद दिनेश कश्यप, लता उसेंडी, नीलकंठ टेकाम, विक्रम उसेंडी, आशाराम नेताम, विनायक गोयल, पूर्व विधायकगण, जिला संगठन के पदाधिकारी, प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य व बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

### मुख्यमंत्री का मां ....

थे। मुख्यमंत्री का बस्तरवासियों ने चौक-चौराहों में पारम्परिक लोक नृत्यों और पुष्प वर्षा सहित शंखनाद कर आत्मीय स्वागत किया। मुख्यमंत्री का स्वागत माड़िया चौक पर भाजपा जिला संगठन, जिला पंचायत, जनपद पंचायत के जनप्रतिनिधियों ने फूलमाला के साथ किया। मुख्यमंत्री का काफिला के आगे-आगे भाजयुमों के कार्यकर्ता बाइक रैली निकाल उनके समर्थन में नारेबाजी कर चल रहे थे। जैसे ही काफिला शहीद पार्क तिराहा पहुंचा भाजपा के सभी मोर्चा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष व पदाधिकारियों ने स्वागत अभिनंदन किया। तत्पश्चात स्वागत की कड़ी में चांदनी चौक में भाजपा पार्षद दल, संजय बाजार हनुमान मंदिर चौक में भाजपा नगर मंडल और अंत में अनुपमा चौक में सर्व हिन्दू समाज के कर्मकर्ताओं ने मुख्यमंत्री व अन्य अतिथियों का जमकर स्वागत किया। इस दौरान जनसमूह द्वारा मुख्यमंत्री को परम्परागत गौर मुकुट पहनाकर लोक नृत्यों और पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

### बस्तर से 350...

के पूर्व प्रथम निमंत्रण बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी देवी के समक्ष निमंत्रण देकर इसका श्रीगणेश किया गया। तत्पश्चात बस्तर के माटी पुजारी बस्तर महारानी को भी अक्षत देकर निमंत्रण दिया गया। उसके बाद धरमपुरा शिव मंदिर ग्राम खमारगांव में घर घर जाकर अक्षत और राम के छायाचित्र देकर निमंत्रण दिया गया।

### रामलला की ...

जवानपुत्र, उर्मिला आचार्य, जयश्री श्रीवास्तव, उषा गोंदी, संजय चौहान, बुलबुल चक्रवर्ती, नीलिमा पाठक, संजना शर्मा, किरण शर्मा, आशा शर्मा, हेमलता नामदेव, अंजू पांडे, नीलम कुशवाहा, सुनीता मालवीय, अंजली मिश्रा, कुसुम बाजपेयी, प्रज्ञा आचार्य, अंजली गुप्ता, संतु चांडक, आशा कपूर, श्रवण सिंह ठाकुर सहित विभिन्न समाज के समाज प्रमुख शामिल थे।

**छतीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लि.मि.**
(छ.शासन का एक उपक्रम - छराविमं की उत्तरवर्ती कम्पनी)
कार्यालय कार्यपालन अभियंता (परि.) संभाग
छ.स्टे.पॉ.डिस्ट्री.कं.लि., जगदलपुर

**आवश्यक सूचना**

समस्त जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यपालन अभियंता (परियोजना) संभाग छ.स्टे.पॉ.डिस्ट्री.कं.लि. जगदलपुर के अंतर्गत नीचे उल्लेखित नवनिर्मित 33 के.व्ही. लाईन को आज दिनांक 06.01.2024 के बाद कभी भी उर्जीकृत कर दिया जावेगा, अतः उल्लेखित नवनिर्मित 33 के.व्ही. लाईन के तार, स्टे एवं खम्भे आदि से किसी प्रकार की छेडछाड़ न करें एवं लाईन से सुरक्षित दूरी बनावें, उल्लेखित लाईन से किसी भी प्रकार की दुर्घटना हेतु छ.स्टे.पॉ.डिस्ट्री.कं.लि. जवाबदार नही होगा ।

| क्र. | नवनिर्मित 33 के.व्ही. लाईन का नाम | लाईन की लंबाई | ग्रामों का नाम जहाँ से होकर लाईन गुजर रही है |
|---|---|---|---|
| 1 | 400/220/132/33 के.व्ही. उपकेन्द्र परचनपाल से नवनिर्मित 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र चोकर को जोडने के लिए 33 के.व्ही. लाईन | 12 कि.मी. | ग्राम - चोकर, कोलचूर, मोहपाल एवं परचनपाल इत्यादि । |

कार्यपालन अभियंता (परि.) संभाग
छ.स्टे.पॉ.डिस्ट्री.कं.लि., जगदलपुर

Health Town

यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30pm., सायं 7.00 to 8.30pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरेकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि

रायपुर, रविवार 7 जनवरी 2024

12 विधायक लता शामिल हुईं बड़े कनेरा की विकसित ...



12 सात दिवसीय विशेष शिविर का जिला संगठक ...





## खबर संक्षेप



### नक्सलियों के लिए मुख्यधारा में लौटने के रास्ते खुले हैंः शर्मा

**गीदम।** भाजपा प्रदेश प्रभारी ओम माथुर ,उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, प्रदेशाध्यक्ष किरण देव और वन मंत्री केदार कश्यप ने शनिवार को दंतेवाड़ा पहुंच कर बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी के दर्शन कर प्रदेश की सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की। दर्शन करने के बाद सभी जगदलपुर के लिए रवाना हो गए। इस दौरान हेलीपैड से लेकर दंतेश्वरी मंदिर के बीच बड़ी संख्या में भाजपा नेता और समर्थक स्वागत के लिए मौजूद रहे। इस मौके पर नक्सलवाद को लेकर डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा, नक्सलियों के लिए मुख्यधारा में लौटने के रास्ते खुले हैं। नक्सल से जुड़े लोगों से अपील है कि वे मुख्यधारा में लौट आएं। नक्सलियों ने बहुत दर्द दिए हैं। अभी हाल ही में नक्सलियों के ब्लास्ट में तीन जवान गंभीर रूप से घायल हो गए। ये बहुत ही पीड़ा दायक है। मैं घायल जवानों से मिलने अस्पताल गया था। मुझे बहुत तकलीफ हुई। जवानों के साथ-साथ उनके परिवारों को ऐसी घटनाओं से बहुत पीड़ा होती है।

### डेढ़ लाख का 15 किलो गांजा जब्त, आरोपी गिरफ्तार



**जगदलपुर।** बस्तर जिलें में अपराध नियंत्रण के उद्देश्य से अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी पर बस्तर पुलिस को सफलता मिली है। 6 जनवरी को सूचना प्राप्त हुआ कि एक व्यक्ति नरेश ट्रैवल्स की यात्री बस क्रमांक सीजी 07 ई 7720 में अवैध रूप से गांजा रखकर ओड़िशा से जगदलपुर की ओर आ रहा है। फॉरेस्ट नाका ग्राम धनपूंजी में नाकाबंदी कर आरोपी देवकरण कुमार (30) निवासी ग्राम ददरेवा थाना राजगढ़ जिला चुरु राजस्थान को पकड़ा गया। तलाशी लेने पर 15.310 किलोग्राम गांजा कीमत 153100 रुपये एवं नगदी 1000 रुपये एक मोबाइल बरामद किया गया। सामान को जब्त कर धारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट में आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जगदलपुर न्यायालय में पेश किया गया। निरीक्षक शिवानंद सिंह, सहायक उप निरीक्षक रेनू राम मौर्य, आरक्षक चेतन बघेल, राधा कृष्ण राय, डीएसएफ आरक्षक जोगेश्वर कश्यप व सैनिक सत्यनारायण की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### महापौर निधि की फाइल गायब इंजीनियर को नोटिस

**जगदलपुर।** नगर निगम आयुक्त हरेश मंडावी ने निर्माण कार्यों व प्रगतिरत कार्यों के संबंध में समीक्षा बैठक की। महापौर निधि के कायोंर् की समीक्षा के दौरान इंजीनियर्स द्वारा बताया गया कि कई सारे फाइल अभी तक पुराने इंजीनियर द्वारा प्रदाय नहीं किया गया है। इस पर फटकार लगाते हुए महापौर निधि के एक



एक कार्यों के संबंध में अमन नेताम से जानकारी लेने पर यह संज्ञान में आया कि कुछ फाइल उनके पास है कुछ फाइल नहीं मिल रही है। इस पर आयुक्त ने नाराजगी व्यक्त करते हुए अमन नेताम को कारण बताओ नोटिस जारी किया है तथा एक हफ्ते के भीतर महापौर निधि के समस्त फाइल को कार्यो की वर्तमान स्थिति के आधार पर प्रस्तुत करने तथा फाइल गुम होने के संबंध में जवाब देने निर्देश दिए। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार निर्माण कार्य मे हुए अनियमितता को लेकर आयुक्त ने नाराजगी जताई है।

# बस्तर से 350 क्विंटल चावल अयोध्या भेजा जाएगा, संभाग के सात संतों को मिला आमंत्रण

अनिल सामंत ▶▶| जगदलपुर

अलग खबर

राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा का धार्मिक आयोजन 22 जनवरी को भव्य और दिव्य रूप से किया जाएगा। देश के सनातनी हिन्दू इस दिवस का बेसब्री से प्रतीक्षा कर रहे हैं। प्राण प्रतिष्ठा आयोजन में देश विदेश से लाखों साधु-संत धर्माचार्य धार्मिक आयोजन के साक्षी बनेंगे। इस शुभ अवसर पर पूरे देश के सनातनी हिन्दू परिवार कुछ न कुछ भेंट देकर अपने को कृतार्थ होने प्रयासरत है। बस्तर से भी विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल के पहल से 350 क्विंटल चावल अयोध्या धाम भेजा जाएगा। चावल की व्यवस्था

### प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी जारी, घर-घर में जनसंपर्क



प्रत्येक हिन्दू परिवार से सहयोग के रूप में एकत्रीकरण का कार्य किया जा रहा है। परिषद के प्रांतीय पदाधिकारी रवि ब्रम्हचारी ने कहा कि बस्तर संभाग से अयोध्या धाम जाने के लिए अयोध्या राम जन्म भूमि मंदिर समिति ने 7 संतों को आमंत्रण भेजा है। रवि ब्रम्हचारी विभाग मंत्री विहिप, स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती संत दंतेवाड़ा, नंदा आचार्य संत केशकाल, शंकर दास महाराज चपका, बस्तर दुर्गा प्रसाद पुजारी, रामाराम प्रधान पुजारी शबरी नगर सुकमा, धनाजू कश्यप बैगा प्रमुख, पुरानतराई दंतेवाड़ा कृष्णा मांझी ग्राम धनोरा जिला बीजापुर व स्वामी विशुदानंद महाराज गुमरगुंडा सम्मिलित है। उन्होंने बताया विहिप के कार्यकर्ता चावल के साथ शुद्ध घी व पूजा सामग्री अयोध्या लेकर जाएंगे। 22 जनवरी की प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी को लेकर 1 जनवरी को घर-घर संपर्क अभियान ▶▶| शेष पेज 12 पर

## प्रवास : नक्सलवाद का शिकार हुए कार्यकर्ताओं का बलिदान खाली नहीं जाएगा

# सिर पर कफन बांधकर काम करते हैं कार्यकर्ता : साय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद पहली बार बस्तर पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पीजी कॉलेज मैदान में संभागीय कार्यकर्ता सम्मान कार्यक्रम को संबोधित करते कहा कि देवतुल्य कार्यकर्ताओं के बदौलत चुनाव में जीत मिली। प्रदेश से लेकर बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं का सम्मान करने आज का दिन बस्तर की मां दंतेश्वरी की धरा से शुरूवात की गई है। उन्होंने कहा हमारे कर्मठ कार्यकर्ताओं ने चुनाव में प्रत्याशी को जीत दिलाने सर में कफन बांधकर काम किया। प्रचार के दौरान हमारे कार्यकर्ता नक्सलवाद का शिकार हुए। ऐसे कार्यकर्ताओं का बलिदान खाली नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि आदिवासी मुख्यमंत्री के नाते पहली बार बस्तर में आप सबके बीच आया हूं। कम दिन में ही मोदी की गारंटी से प्रदेश के पौने 3 करोड़ जनता से जो वादा किए हैं उसे पूरा करने का काम प्रारम्भ कर दिए है। 25 दिन हुए हैं सरकार बने, हमने कई बड़े काम किए। छत्तीसगढ़ के निर्माता अटल बिहारी वाजपेई के जयंती सुशासन दिवस पर प्रदेश के किसानों से किये वायदे को पूरा करते पिछले दो वर्ष का धान बोनस दिया गया। प्रदेश के 12 लाख से ज्यादा किसानों को फायदा मिला। प्रदेश के 18 लाख गरीब परिवार जिनके पास आवास नही है, उन्हें आवास देने काम किया जा रहा है। उन्होंने कांग्रेस को घेरते कहा उनके



शासन काल में गरीबों का हक मारने का काम कर उनसे आवास छीनने का काम किया गया। कांग्रेस ने गरीबों का मकान नहीं बनने दिया, हमने पहले ही दिन वादा पूरा किया। 18 लाख आवास बनेंगे जो गरीबों को छत मुहैया करवाएंगे। प्रदेश के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करते पीएससी घोटाला कर युवाओं का हक छीना गया। मुख्यमंत्री ने मंच से ही कहा हमारी सरकार पीएससी घोटाले की सीबीआई से जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करेगी। छग महतारी योजना का जिक्र करते उन्होंने कहा हमारी सरकार महिलाओं को आगे ले जाने उन्हें सर्वोच्च प्राथमिकता देने का काम कर रही है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण देव ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते उनकी जमकर तारीफ ▶▶| शेष पेज 12 पर





### हमारा एक मंडल अध्यक्ष सांसद को हराने की ताकत रखता है

डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा हमारे कुछ कर्मठ कार्यकर्ताओं ने बस्तर की खुशहाली और तरक्की के लिए बलिदान दिया है। ऐसे बलिदानी कार्यकर्ताओं को मैं प्रणाम करता हूं। कांग्रेसियों को ललकारते कहा मेरे एक मंडल अध्यक्ष में सांसद को हराने की ताकत है। कई जमीनी कार्यकर्ताओं ने चुनाव जीता। यह सब कार्यकर्ताओं की मेहनत की बदौलत संभव हुआ।

### बस्तर को शांति का टापू बनाने में सहयोग करें

डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कार्यकर्ताओं का दोनों हाथ जोड़ते झुककर नमस्कार करते कहा चुनाव में पराक्रम दिखाने वाले सभी कार्यकर्ताओं को मैं प्रणाम करता हूं। उन्होंने कहा बस्तर की विपरीत परिस्थितियों में भी भाजपा के कार्यकर्ता डटकर काम करते हैं। बस्तर को फिर से शांति का टापू बनने में सहयोग करें। नक्सलियों का नाम लिए बगैर उन्होंने कहा कि इन्हें समाप्त करना है। एक बार फिर प्राण प्रण से जुटना है आने वाला चुनाव मोदी जी का चुनाव है। डिप्टी सीएम ने अयोध्या में राम मंदिर का जिक्र करते कहा भगवान राम लला के प्राण प्रतिष्ठा जैसे शुभ अवसर पर हम सब दीपावली मनाएंगे, घर-घर मे रोशनी होगी।

# मुख्यमंत्री का मां दन्तेश्वरी की धरा पर जोशीला स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ माड़िया से अनुपमा चौक तक गाजे-बाजे और गौर नृत्य करते सीएम का अभिनंदन

प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय पहली बार शहर पहुंचे। उनके साथ प्रदेश प्रभारी ओम माथुर, प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, डिप्टी सीएम द्वय अरुण साव व विजय शर्मा, वन मंत्री केदार कश्यप और राम प्रताप सिंग पहुंचे। मां दन्तेश्वरी एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री व अन्य अतिथियों का स्वागत जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने किया। कोंडागांव विधायक लता उसेंडी, जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, पूर्व सांसद दिनेश कश्यप, पूर्व मंत्री महेश गागड़ा, पूर्व विधायक संतोष बाफना, बैदूराम कश्यप, सुभाऊ कश्यप, लच्छूराम कश्यप, जी. वेंकट, रूपसिंह मंडावी, बस्तर महाराजा कमलचंद्र भंजदेव, नेता प्रतिपक्ष संजय पांडे, राजाराम तोड़ेम, संभागायुक्त श्याम धावड़े, आईजी सुंदरराज पी., कलेक्टर विजय दयाराम के., एसएसपी जितेन्द्र मीणा, मुख्य वन संरक्षक द्वय गुप्ता एवं दुग्गा, सीईओ जिला पंचायत प्रकाश सर्वे सहित अन्य गणमान्य जनप्रतिनिधि मौजूद ▶▶| शेष पेज 12 पर

# चोकर, नेतानार व पंडरीपानी उपकेन्द्र होगा उर्जीकृत, लो-वाल्टेज से मिलेगा छुटकारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ 25 गांव के 11 हजार उपभोक्ताओं को मिलेगी बेहतर बिजली सेवा

बस्तर जिले के चोकर, नेतानार एवं पंडरीपानी उपकेन्द्र का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया, अब तीनों उपकेन्द्र को शीघ्र ही उर्जीकृत किया जाएगा। तीनों गांव के 11 हजार उपभोक्ताओं एवं दो हजार किसानों को बेहतर बिजली सेवा मिलेगी और क्षेत्र के ग्रामीणों को बार-बार बिजली बंद होने एवं लो-वाल्टेज की समस्या से छुटकारा मिलेगा। सहायक अभियंता अरविंद खोबरागढ़े ने बताया कि पंडरीपानी के बहुप्रतिक्षित उपकेन्द्र का निर्माण कार्य पूरा होने से



नवनिर्मित हाऊसिंग बोर्ड कालोनीवासियों को राहत मिली। ग्राम नेतानार उपकेन्द्र के लिए 20 किमी दूर साड़गुड़ से विद्युत लाईन बिछाई जा रही है। उपकेन्द्र से क्षेत्र के लगभग 13 गांव के 4800 उपभोक्ताओं शामिल हैं। साथ ही सहायक अभियंता नंदलाल काशी ने बताया कि चोकर उपकेन्द्र से 10 गांव चोकर, मूंडापाल, महूपाल बारी, करमरी, मरलेंगा, आड़ावाल, नारायणपाल, घाटकवाली, कुड़कानार, नादिसागर, बोडनपाल झारतराई के लगभग 4492 उपभोक्ता एवं 850 किसानों को बेहतर बिजली सेवा मिल सकेगी।

### उपभोक्ताओं को मिलेगी राहत

विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक एसके ठाकुर ने बताया कि तीन उपकेन्द्रों का निर्माण कार्य पूरा हो गया, जो शीघ्र ही उर्जीकृत किया जाएगा। इससे ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी।

# विरोध की आशंका के चलते कांग्रेसी नेता रहे नजरबंद



**जगदलपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नगर आगमन पर कांग्रेस पार्टी द्वारा किसी तरह का विरोध व्यक्त करने की आशंका के चलते पुलिस ने कांग्रेस के प्रमुख नेताओं को एसपी आफिस में नजरबंद कर दिया। बताया गया कि घंटों बिठाए रखकर सीएम के जाने के बाद उन्हें छोड़ा गया। इनमें जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य, विधानसभा प्रत्याशी जतिन जायसवाल, महापौर सफिरा साहू, सभापति कविता साहू, पार्षदगण सहित कांग्रेस के अन्य नेता शामिल रहे। सूत्रों ने बताया कि पुलिस को यह खुफिया रिपोर्ट मिली थी कि हसदेव मामले को लेकर कांग्रेसी विरोध प्रदर्शन कर सकते हैं।

# रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर 22 जनवरी को शासकीय अवकाश हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रथम नगर आगमन पर सर्व हिन्दू समाज के द्वारा अनुपमा चौक में स्वागत किया गया। इस दौरान श्रीराम जन्मभूमि आयोध्या धाम में जन-जन के आराध्य प्रभु श्रीराम के बालरूप की प्राण-प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर 22 जनवरी को सम्पूर्ण प्रदेश में शासकीय अवकाश घोषित किये जाने ज्ञापन सौंपा। सर्व हिन्दू समाज के सचिव एल ईश्वर राव ने बताया कि 22 जनवरी को प्रभु श्रीराम के बाल रूप की नूतन विग्रह को श्रीराम जन्मभूमि पर बन रहे भव्य मंदिर के भूतल गर्भगृह में प्राण-प्रतिष्ठा किया जाना है। जिसमें छत्तीसगढ़ के प्रत्येक ग्राम नगर के मंदिरों में भी पूजन, उत्सव महोत्सव मनाया जावेगा। सोमवार शासकीय



कार्यदिवस होने के कारण शासकीय कर्मचारी एवं स्कूल, कॉलेज के बच्चे वंचित होंगे। सर्व हिन्दू समाज ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा कर सम्पूर्ण प्रदेश में 22 जनवरी को शासकीय अवकाश घोषित किये जाने का अनुरोध किया है। इस दौरान सर्व हिन्दू समाज के अध्यक्ष अशोक अरोरा, विजय भारत, व्ही बालकृष्णन, धर्मचंद शर्मा, नरेंद्र पाणिग्राही, आत्मा राम जोशी, दिनेश पाणिग्राही, विपिन मालवीय, सुदर्शन पाणिग्राही, बनमाली पाणिग्राही, दशरथ कश्यप, राजा राम तोडेंम, पवन राजपूत, जयेश संघानी, अजय सिंह ठाकुर, अश्विन मग्गू, नवरतन जलोटा, जयप्रकाश पाढ़ी, अरुण दास, सपन देवांगन, कृष्णा ठाकुर, हरीश ठाकुर, अजय यादव, बसंत जोशी, आशा डोडिया, झरना मोहंती, हेमा गुरुवारा, आरती दुआ, नीलम मिश्रा, प्रभाती भारत, विद्या सोनी, अलका गुप्ता, सुनीता कपूर, नीता जलोटा, निशा दिवान, रेखा कुमार, प्रियंका दुबे, सांची गुरुवारा, अरुणा ▶▶| शेष पेज 12 पर

## गांव के सरहद पर प्रतीक्षा में बैठे श्रद्धालु, गाजे-बाजे के साथ करा रहे प्रवेश

# अक्षत कलश का गांव-गांव में हो रहा स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ अयोध्या तीर्थ क्षेत्र से आए अक्षत कलश नानगुर मंडल के 10 गांव में पहुंचा

अयोध्या तीर्थ क्षेत्र से पहुंचा अक्षत कलश बस्तर के सुदूर ग्राम अंचलों में पहुंचने से ग्रामीणों में भारी श्रद्धा देखा जा रहा है। जिस गांव में कलश आगमन की जानकारी मिल रही है पहले से ही गांव के सरहद में प्रतीक्षा में बैठे बड़ी संख्या में महिला, पुरुष, युवक, युवती, बच्चें और बुजुर्ग भी साक्षात भगवान राम के दर्शन के तर्ज में गाजे-बाजे और डीजे के भजन धुन में नाचते, गाते स्वागत कर रहे है। इस दौरान अक्षत कलश पर श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा



किया। शुक्रवार को अक्षत कलश ग्राम सिड़मुड़, गुड़ापारा मंदिर से 10 गांव मांजीगुड़ा, अलनार, केकागढ़, चेरबहर, पोटियापाल, पदमुर, बड़े कवाली, छोटे कवाली, सिड़मुड़ के लोग भजन कीर्तन करते हुए ने स्वागत किया और अपने गांव के मंदिर में विराजित किया। कार्यकर्ता अक्षत लेकर घर-घर पहुंच भगवान राम जन्म भूमि अयोध्या चलने पत्रक देकर आमंत्रित किया। इस दौरान विश्व हिन्दू परिषद विभाग मंत्री रवि ब्रह्मचारी, विहिप जिला अध्यक्ष लखीधर बघेल, सहमंत्री अमन शर्मा, गौ रक्षा प्रमुख पीला रामसोनी, महेश कश्यप, मानसाय बघेल, जिला सेवा प्रमुख देवेंद्र कश्यप एवं गावों के सियान सज्जन माताएं बहनें उपस्थित रहे।

पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9424293029, 9131893124

## कन्या परिसर में हर्षोल्लास से मना वार्षिकोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोंड

शासकीय कन्या शिक्षा परिसर परचनपाल विकास खण्ड बस्तर में शनिवार को वार्षिकोत्सव कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। छात्राओं द्वारा एकल नृत्य, सामूहिक नृत्य, शिक्षा प्रद नाटक एवं फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक मंचन किया गया, जो सराहनीय था।

इसके पूर्व वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का भी आयोजन इस संस्था में किया गया था। जिसका पुरस्कार वितरण कार्यक्रम भी समारोह पूर्वक संपन्न हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत ग्राम पंचायत सरपंच जयंती नेताम के द्वारा सरस्वती मां के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलित कर किया गया। तत्पश्चात संस्था के सत्यम, शिवम, सुंदरम एवं मधुरम चारों समूह की छात्राओं ने एकल नृत्य, सामूहिक नृत्य, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता एवं शिक्षाप्रद नाटक का सफलतापूर्वक मंचन किया।

छात्राओं में काफी उत्साह रहा। स्टाफ के सभी शिक्षकों द्वारा अपने-अपने समूह के छात्रों को अच्छी तरह से गाइड किया गया था। जिसके कारण कार्यक्रम बहुत अच्छे से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के समापन के पश्चात प्राचार्य एवं स्टाफ द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं खेलकूद में विजेता रहे छात्राओं को पुरस्कार वितरण किया गया।

## उप स्वास्थ्य केंद्र गोरगुण्डा का किया औचक निरीक्षण

# स्कूल पहुंचकर कलेक्टर ने ली बच्चों की क्लास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुकमा





कलेक्टर हरिस. एस ने शुक्रवार को निरीक्षण के दौरान रेंगा पारा स्कूल गोरगुण्डा का निरीक्षण किया। इस दौरान वे बच्चों से रूबरू हुए। उन्होंने बच्चों से प्रश्न पूछकर शिक्षा के स्तर को परखा। इसके अलावा अस्थाई रूप से संचालित रेंगा पारा स्कूल के भौतिक निर्माण के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

इसके पश्चात उन्होंने गोरगुण्डा में संचालित प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों के दर्ज संख्या से कम उपस्थिति होने पर नाराजगी जाहिर की। कलेक्टर ने बच्चों की क्लास लेकर उनके पढ़ाई के स्तर को परखा। इस दौरान उन्होंने बच्चों से कहा कि अपने लक्ष्य को पाने के लिए सबसे बेहतर मार्ग शिक्षा होता है और सबसे आसान काम भी होता है। इसके लिए आप सब नियमित रूप से स्कूल आये। उन्होंने कहा कि आप अच्छी पढ़ाई कर इंजीनियर, डॉक्टर सहित शासकीय सेवाओं में पदस्थ होकर अपने गांव और जिले का नाम रोशन करेंगे। इस दौरान उन्होंने बच्चों से रूबरू होते हुए अपने व्यक्तिगत अनुभव भी साझा किए। स्कूल के निरीक्षण के दौरान बच्चों से प्रश्न भी किए, जिसमें प्राथमिक शाला के छात्र पदाम महेश और नंदू के जबावों से संतुष्ट हुए। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों को शाला त्यागी बच्चों को प्राथमिकता देकर शिक्षा से जोड़ने हेतु निरंतर जागरूक करने के निर्देश दिए।

### डायबिटीज के रोगी का जाना हाल

कलेक्टर ने ग्राम गोरगुण्डा में स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र में उपस्थित आवश्यक मेडिसिन की जानकारी ली। साथ ही स्वास्थ्य केंद्र में नियमित रूप से होने वाले टीबी, एनीमिया की जांच के संबंध में जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान शुगर पेसेंट राजू नायक से स्वास्थ्य के बारे में हाल चाल जाना और उनके शुगर की केंद्र में जांच करवाई। केंद्र में हुए ओपीडी, प्रसव, एनीमिया, टीबी जांच के संबंध में जानकारी ली। केंद्र में उपस्थित मरीजों से उनके स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी ली।

## भारत संकल्प यात्रा शिविर में बच्चों को शामिल करना उचित नहीं: इंदिरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दंतेवाड़ा



विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन लगातार पंचायतों में हो रहा है। इस शिविर में स्कूली बच्चों को शामिल करना न्यायोचित प्रतीत नहीं हो रहा है। यह कहना है महिला कांग्रेस कमेटी की शहर जिला अध्यक्ष इंदिरा शर्मा का। उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि भारत संकल्प यात्रा के शिविर में स्कूली बच्चों से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम करवाए जा रहे है, जिससे बच्चों की पढ़ाई पर असर पड़ रहा है। मार्च-अप्रैल में स्कूली बच्चों की वार्षिक परीक्षा प्रस्तावित है, उसके बाद भी प्रशासन उन्हें शिविर में सम्मिलित कर रहा है। इंदिरा शर्मा ने आगे कहा कि बच्चों की पढ़ाई के साथ खिलवाड़ बिल्कुल बर्दाश्त नही किया जाएगा। बच्चे हमारे देश के भविष्य है। उन्हें इस तरह के कार्यक्रमों से दूर रखना चाहिए, ताकि वह अपने अध्ययन पर ध्यान दे सकें।

## अक्षत व आमंत्रण पत्र देकर दे रहे निमंत्रण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गीदम

अयोध्या में श्रीरामलला मंदिर प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होना है। इस निमित्त आमंत्रण पत्र व अक्षत सभी घरों में वितरण करने हेतु सरस्वती शिशु मंदिर गीदम को भी दायित्व मिला था। वार्ड क्रमांक 1 में घोष दल के साथ पांच दल बनाकर विद्यालय में कलश की पूजन व आरती के पश्चात, श्री राम जय राम जय जय राम का मंत्र जाप करते हुए अक्षत और आमंत्रण पत्र दिया गया। माताओं ने अक्षत और कलश की पूजा-अर्चना व आरती कर आमंत्रण स्वीकार किया। इस दौरान खंड शिक्षा कार्यालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, आयुर्वेदिक अस्पताल, थाना गीदम, वार्ड क्रमांक एक के प्रमुख मार्ग के प्रतिष्ठानों में भी आमंत्रण व अक्षत दिया गया। साथ ही 22 तारीख को सभी को घरों में रंगोली श्रीराम ज्योति जलाने के लिए आग्रह किया गया। दीपावली की तरह लाइट इत्यादि से जगमग करने हेतु आग्रह किया गया। अक्षत वितरण के पूर्व विद्यालय में कलश की पूजा-अर्चना यतिन्द्र विनोद व वीरेंद्र शाह द्वारा की गई। अक्षत वितरण हेतु आमंत्रण हाउरनार शिवमंदिर में भी दिया गया। 17 व 22 जनवरी को नगर में विद्यालय से झांकी बनाकर सामूहिक रूप से भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी। जिसमें नगर के सभी लोग शामिल होंगे।

# अधिकारियों के दबिश से खेल मैदान हुआ कब्जा मुक्त

## स्कूली बच्चों को खेल मैदान मिलने से छाई खुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लोहंडीगुड़ा



वर्षों से खेल मैदान को अवैध कब्जा कर स्थानीय ग्रामीण द्वारा हथियाने के कारण स्कूली बच्चों को परेशानी होती थी। लंबे संघर्ष के बाद उक्त खेल मैदान को राजस्व अधिकारियों के द्वारा कब्जा मुक्त कर स्कूल को सौंपने पर स्कूली बच्चों में खुशी देखी गई।

शाउमावि. कोठियागुड़ा विकासखंड लोहण्डीगुड़ा में घनश्यामसिंह ठाकुर द्वारा स्कूल के खेल मैदान को वर्षों से कब्जा कर दिवाल बनाया गया था, तथा न्यायालय तहसीलदार लोहण्डीगुड़ा में बलात कब्जा का केश चल रहा था। अधिकारियों एवं ग्रामीणों के समझाने पर भी कब्जा नही छोड़ रहा था। जिसके लिये शाला के प्रभारी प्राचार्य जगदीश चन्द्र मौर्य से भी बैर भाव रखते हुए ग्रामीण जनता को प्राचार्य के विरूद्ध गलत जानकारी देकर एवं हस्ताक्षर करवाकर जनसमस्या निवारण शिविर आदि में तत्काल स्थानान्तरण करने की मांग किया जाता रहा है। मैदान के अभाव के कारण शाला के बच्चों को खेल खेलने में कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता था। शाला के बच्चों द्वारा कई बार तहसीलदार लोहण्डीगुड़ा, एसडीएम लोहण्डीगुड़ा, बस्तर कलेक्टर, कमिश्नर बस्तर सम्भाग, सांसद बस्तर एवं विधायक को ग्राम पंचायत दाबपाल कोठियागुड़ा का जमीन खाली करवाने हेतु पत्र लिखा गया था। जिसके बावजूद भी जमीन खाली नही करवाया गया, लेकिन 4 जनवरी को राजस्व अमला द्वारा अचानक दबिश देकर तहसीलदार अखिलेश ध्रुव, एसडीएम मायानन्द चन्द्रा एवं ग्राम पटवारी सरपंच अन्य राजस्व अधिकारियों व पुलिस सुरक्षा बल द्वारा चारों ओर बने दिवाल को तोड़कर प्राचार्य जगदीश चन्द्र मौर्य व शाला के शिक्षक-शिक्षिकाओं को कब्जा दिया गया है। खेल मैदान से बेजा कब्जा हटने से बच्चों, शिक्षकों एवं ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है।

## कलेक्टर सोनी के कार्यकाल की हो जांच : रामू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दंतेवाड़ा



बीजेपी के मंडल महामंत्री और जिला पंचायत सदस्य रामू नेताम ने आज प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए पूर्व दंतेवाड़ा और वर्तमान कोंडागांव कलेक्टर दीपक सोनी पर हमला बोला है। उन्होंने कलेक्टर दीपक सोनी को कांग्रेस का एजेंट बताते हुए कहा कि दीपक सोनी के कार्यकाल में जिले में जमकर भ्रष्टाचार हुआ है जिसकी जांच होनी चाहिए और इसके लिए वो मुख्यमंत्री से निवेदन भी करेंगे। उन्होंने कलेक्टर दीपक सोनी पर बीजेपी कार्यकर्ताओं पर प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए कहा कि वर्ष 2021 में नवरात्र दुर्गा पूजा के अवसर पर दंतेवाड़ा के तत्कालीन कलेक्टर दीपक सोनी ने कलेक्टर निवास के सामने बने मिनी स्टेडियम में डांडिया का आयोजन करवाया था, जिसमें आपत्तिजनक तस्वीरों का इस्तेमाल किया गया था। जिसका विरोध दंतेवाड़ा के तत्कालीन बीजेपी मंडल अध्यक्ष श्रवण कडती ने यह कहते हुए किया था कि डांडिया केवल नृत्य नहीं माता की आराधना है। इसलिए फूहड़ तस्वीरों को हटाया जाए। इस विरोध से नाराज होकर संकीर्ण मानसिकता वाले कलेक्टर दीपक सोनी ने आयोजन में उक्त तस्वीर के लिए माफी मांगने के बजाय नियम कानून को ताक में रखकर, उल्टे मंडल अध्यक्ष श्रवण कडती पर चुपके से कूट रचित एफआईआर करवा दिया। रामू नेताम ने कहा कि पहले दीपक सोनी ने तत्कालीन मंडल अध्यक्ष को समझौते के लिए थाना कोतवाली में लिखित आवेदन देने को कहा था, जब श्रवण कडती ने आवेदन दे दिया तो दीपक सोनी ने कांग्रेसी कार्यकर्ता व अन्य के जरिए गुपचुप तरीके से कूट रचित एफआईआर दर्ज करवा दिया।

जिला पंचायत सदस्य रामू नेताम ने तत्कालीन थाना कोतवाली प्रभारी सौरभ सिंह पर भी आरोप लगाते हुए कहा कि इस कूट रचित एफआईआर में सौरभ सिंह की भी भूमिका है, जिसकी जांच और कार्रवाई की जानी चाहिए। रामू नेताम ने दंतेवाड़ा और कोंडागांव जिले में भी कलेक्टर दीपक सोनी के कार्यकाल की जांच की मांग की है।

# शिक्षकों को बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर



जिले के नवपदस्थ कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने शनिवार को मुख्यालय के स्कूल, कॉलेज और ज्ञानगुड़ी एजुकेशन सिटी का आकस्मिक निरीक्षण कर उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने बच्चों से शैक्षणिक गतिविधियों के बारे में जानकारी ली और मेहनत से पढ़ाई करने को कहा। संस्था में उपस्थित शिक्षकों से बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देकर बेहतर परिणाम लाने के निर्देश दिए।

बीजापुर में जनपद माध्यमिक शाला और जनपद प्राथमिक शाला का निरीक्षण कर शैक्षणिक व्यवस्था एवं गतिविधियों का निरीक्षण किया। यहां मतदाता पुनरीक्षण का कार्य बूथ लेवल ऑफिसर द्वारा किया जा रहा था। जिसके संबंध में नाम जुड़वाने एवं नाम कटवाने को लेकर पूरी प्रकिया के साथ जिम्मेदारी से काम करने को कहा। मतदाता पुनरीक्षण के लिए स्कूली बच्चों की रैली एवं लाउडस्पीकर के माध्यम से नगर पालिका को मतदाता जागरूकता एवं मतदाता पुनरीक्षण हेतु प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए गए। शहीद वेंकटराव महाविद्यालय का निरीक्षण कर छात्र-छात्राओं से संकाय अनुरूप पढ़ाई की जानकारी प्राप्त की और उन्हें नियमित रूप से अध्यापन कर बेहतर भविष्य बनाने के लिए प्रेरित किया। यहां पर छात्र-छात्राओं को नियमित रूप से समाचार पत्र और अच्छी पुस्तकें पढ़ने के लिए प्रेरित किया। बच्चों से कैरियर बनाने के लिए कलेक्टर ने रूचि अनुसार गाइडेन्स प्राप्त करने उचित मार्गदर्शन दिया। ज्ञानगुड़ी एजुकेशन सिटी में दिव्यांग बच्चों के स्कूल समर्थ का निरीक्षण कर बच्चों के आवासीय भोजन एवं शैक्षणिक व्यवस्थाओं को देखा और बच्चों से मुलाकात कर उनका उत्साह बढ़ाया। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल एवं विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

### राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शामिल होने खिलाड़ी रवाना



राजस्थान के बीकानेर में आयोजित होने वाली अंडर 17 बालक-बालिका सॉफ्टबॉल स्कूल नेशनल गेम्स का आयोजन होना है। जिसमें राज्य की अंडर 17 टीम में बीजापुर जिले से 6 खिलाड़ियों का चयन हुआ है। जिसमें राकेश कड़ती, सुशील कुडियम, बादल कोरसा वहीं बालिका वर्ग में विमला तेलम, ऋषिका गोंदे व अनामिका चेरपा शामिल होंगे। राकेश, सुशील और विमला तीनों खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। खिलाड़ी शनिवार शाम बीजापुर से रायपुर के लिए रवाना हुए। 7 जनवरी को रायपुर से बीकानेर के लिए ट्रेन से रवाना होंगे। खिलाड़ियों के दल ने नव नियुक्त बीजापुर कलेक्टर अनुराग पाण्डे से मुलाकात किया। कलेक्टर ने खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए पदक लाने की उम्मीद जताई है। साथ में जिला पंचायत सीईओ रवि साहू एवं श्रम निरीक्षक और सॉफ्टबॉल के इंटरनेशनल कोचसोपान कणेर्वार व सहायक कोच कृष्णा डोडी मौजूद थे।

## रासेयो ने विविध गतिविधियों से ग्रामीणों को किया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बस्तर

शहीद महेंद्र कर्मा विश्व विद्यालय अंतर्गत विश्व विद्यालय संयोजक डीएल पटेल के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भानपुरी के द्वारा ग्राम पंचायत फापनी में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का आज समापन हुआ। शिविर का थीम ग्रामीण विकास के लिए युवा था। समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम के सरपंच नवल किशोर कश्यप एवं ग्राम के अन्य गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। शिविर का आयोजन 30 दिसंबर से 5 जनवरी तक किया गया। जिसमें विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक-सेविकाओं ने ग्रामीणों को नशा मुक्ति, स्वच्छता, शिक्षा, ग्रामीण विकास मंत्रालय युवाओं का योगदान आदि विषयों को लेकर जागरूक किया। शिविर के दौरान स्वयं सेवक-सेविकाओं द्वारा परियोजना कार्य में नलकूप के आस-पास एवं तालाब की सफाई की गई। साथ ही बौद्धिक परिचर्चा में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा नशा मुक्ति में युवाओं का योगदान को लेकर जन जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। प्रतिदिन रात्रि को अलग-अलग थीम पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से जागरूक किया गया। शिविर के दौरान अंतिम दिन नशा मुक्ति अभियान चलाया गया। जिसके तहत महारानी अस्पताल से आए डॉ. यूएस साहू, डॉ. मुकुंद दीवान, भानपुरी उप स्वास्थ्य केंद्र से डॉ. शिल्पा एवं स्टाफ द्वारा नशा मुक्ति को लेकर जागरूक किया गया।

# गोरला में हुआ देवी-देवताओं का मिलन समारोह

**पेन करसाड़ का उद्देश्य आदिवासी रीति-रिवाज, परंपरा और संस्कृति को बचाना है**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपालपटनम



हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नूतन वर्ष के पहले सप्ताह 4 से 5 जनवरी तक दो दिवसीय देव-देवी मिलन समारोह का आयोजन भोपालपटनम ब्लॉक के सर्व आदिवासी समाज के तत्वाधान में शहीद वीर नारायण चौक गोरला में बहुत ही भव्य एवं आदिवासी रीति-रिवाज से किया गया। जिसमें बीजापुर, उसूर, भोपालपटनम ब्लॉक के पेन का आगमन हुआ। भोपालपटनम ब्लॉक के 36 ग्राम पंचायत के 118 गांव के पेन का आगमन हुआ। इस आयोजन को करने के लिए गोंड समाज, मुरिया समाज, प्रधान समाज के द्वारा प्रति घर से चूल्हा चंदा के माध्यम से हर वर्ष यह कार्यक्रम किया जाता है। इस पेन करसाड़ का उद्देश्य आदिवासी रीति-रिवाज, परंपरा और संस्कृति को बचाना है और नई पीढ़ी को अपने परिवार के कुलदेवी देवताओं की पहचान कराना है।

इन देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली सुख, समृद्धि ,की मन्नत मांगी गई। इस आयोजन में तेलंगाना, बीजापुर, क्षेत्र महाराष्ट्र के देवी-देवताओं से संबंधित परिवार के लोग भी उपस्थित थे। 5 जनवरी को सभी देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना कर मन्नत मांग कर विदाई दी गई। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के समाज प्रमुख पंच, सरपंच, पुजारी, वड्डे, मांझी, पटेल, क्षेत्र के आदिवासी समुदाय के सभी लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में क्षेत्र वासियों का सराहनीय योगदान रहा।




